छह हजार कर्मियों को मुफ्त में टीका लगवाएगी यूफ्लैक्स

नोएडा, (पंजाब केसरी) : यूफलैक्स कंपनी ने आपने कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाने के लिए कैलाश अस्पताल से करार किया है। कैलाश अस्पताल यूफ्लैक्स की इकाइयों में कार्यरत छह हजार कर्मचारियों को कोरोना वैक्सीन लगाएगा। कंपनी के लीगल और कारपोरेट अफेयर्स के प्रेसीडेंट दिनेश जैन ने बताया कि सभी कर्मचारियों के टीकाकरण का खर्च कंपनी वहन करेगी। कंपनी में टीकाकरण का शनिवार से शुरू होकर 5 जून तक चलेगा। कंपनी की पांच यूनिटों में टीकाकरण केन्द्र बनाए गए हैं।जिसमें 6000 से अधिक लोगो ने वैक्सीन लगवाई जाएगी और इसका लाभ उठाएगे इस माहौल में इस कैम्प को लगवाये जाने की कर्मचारियों के द्वारा काफी सराहना की गई।

पंजाब केसरी
www.PunjabKesari.com
30 May 2021